<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–31.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा– राज्य में खोले जाएंगे पांच नए मेडिकल कॉलेज, धनबाद में पीपीपी मोड में खुलेगा 500 बेड की क्षमता वाला अस्पताल।
2. री–एडमिशन और कॉपी–किताब बेचने में शामिल निजी स्कूलों पर अगले तीन महीनों में कार्रवाई करेगी सरकार, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा– लगातार मिल रही शिकायतें।
3. वित्तीय वर्ष 2024–25 में टैक्स के जरिये राज्य सरकार के खजाने में जमा हुए 22 हजार 172 करोड़ रुपये, राज्य में यह अब तक की सबसे अधिक वसूली।
4. झारखण्ड समेत पूरे देश में आज मनाई जा रही है ईद–उल–फितर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को दी ईद की मुबारकबाद,
5. मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में दो और तीन अप्रैल को बारिश होने की जताई संभावना

*******************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि धनबाद में जल्द ही सार्वजनिक–निजी भागीदारी, पीपीपी मोड पर पांच सौ बेड की क्षमता वाला एक नया मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रथम चरण में राज्य भर में पांच नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना करने जा रही है। मंत्री धनबाद में एक निजी अस्पताल के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*******************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि राज्य में जो निजी स्कूल रि–एडमिशन और कॉपी–किताब बेचने में शामिल हैं, उन पर अगले तीन महीनों में कार्रवाई की जाएगी। श्री सोरेन ने जमशेदपुर में कहा कि सरकार को स्कूलों की मनमानी और उनके द्वारा नियम–कानून की अनदेखी करने की काफी शिकायतें मिल रही हैं। इसलिए राज्य सरकार स्कूलों की गतिविधि पर भी पैनी नजर बनाये हुए है।

*******************

राज्य को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार गोड्डा में पशु आहार कारखाना लगाएगी। इसके जरिये वर्ष 2027 तक 60 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन हो सकेगा। कारखाना लगाने के प्रस्ताव पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस परियोजना की लागत साढ़े 42 करोड़ रुपये रखी गयी है।

*******************

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा है कि उनकी पार्टी ने नयी कार्ययोजना तैयार की है, जिसके आधार पर जनता के कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। श्री राजू कल रांची में एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य में 15 जुलाई तक प्रदेश कमिटी का गठन कर लिया जायेगा।

*******************

वित्तीय वर्ष 2024 –25 में टैक्स के जरिये राज्य सरकार के खजाने में 22 हजार 172 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। यह राज्य में अब तक की सबसे अधिक वसूली है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से एक हजार करोड़ रुपये से अधिक है। राज्य सरकार को सबसे अधिक राशि जीएसटी से मिली है। हालाँकि, राज्य सरकार ने टैक्स वसूली का लक्ष्य 26 हजार करोड़ रुपये रखा था, जिसमें 85 फीसदी ही लक्ष्य हासिल हो सका।

*******************

ईद–उल–फितर आज झारखण्ड समेत पूरे देश में मनाई जा रही है। इसके साथ ही आज रमजान का महीना भी समाप्त हो रहा है। इस मौके पर आज ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अता की जा रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी है। राज्यपाल ने

कहा कि ईद–उल–फितर रोजा और इबादत के पूरा होने का त्योहार है। इधर मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि ईद अमीर और गरीब का भेद मिटाने का त्योहार है।

*******************

हजारीबाग में प्रसिद्ध रामनवमी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि जुलूस के मार्ग के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

*******************

रांची स्थित केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली के पास बनाये गए फ्लाईओवर के रैंप को हटाने की मांग को लेकर कल आदिवासी समुदाय के लोगों ने विरोध–प्रदर्शन किया। इस दौरान लोग उग्र हो गए और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का–मुक्की की। प्रदर्शनकारी हर हाल में रैंप को हटाने की मांग कर रहे थे। इससे पहले पूर्व मंत्री गीता श्री उरावं के नेतृत्व में लोगों ने विरोध मार्च भी निकाला।

*******************

लातेहार जिले में गर्मी शुरू होते ही पेयजल संकट गहरा गया है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में दो और तीन अप्रैल को बारिश होने की संभावना जताई है। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। हालाँकि, चार अप्रैल के बाद से मौसम फिर से शुष्क हो जायेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि दो अप्रैल को पलामू प्रमंडल के अधिकतर स्थानों और तीन अप्रैल को कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़ और रांची में बारिश होने की संभावना है।

*******************

आईपीएल टी–20 प्रतियोगिता में आज मुंबई में मुंबई इंडियंस का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से शाम साढ़े सात बजे से होगा। इधर जमशेदपुर की टीम इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। 7 अप्रैल को जमशेदपुर का मुकाबला मोहन बागान सुपर जायंट से होगा।

*******************

झारखण्ड राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा कल धनबाद में हुई। इस दौरान रांची, गोड्डा, और हजारीबाग में इस वर्ष तीन बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा एक कोचिंग कैम्प भी शुरू किये जाने पर सहमति बनी।

*******************

अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतिम दिन लोग रांची नगर निगम कार्यालय और डोरंडा जन सुविधा केंद्र में होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर सकते है. निगम कार्यालय खुला रखने का आदेश दिया गया है, ऐसा नहीं करने वाले भवन मालिकों से निगम जुर्माने के साथ टैक्स वसूलेगा।
- रेलवे ने रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन हैदराबाद–रक्सौल–सिकन्दराबाद स्पेशल और चर्लपल्ली–रक्सौल–चर्लपल्ली वाया रांची के परिचालन अवधि में विस्तार किया है। हैदराबाद–रक्सौल पांच अप्रैल से 28 जून तक हर शनिवार को हैदराबाद से चलेगी।
- दो अप्रैल को रांची–टाटानगर एक्सप्रेस 18601 आद्रा रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण बदले हुए मार्ग से चलेगी.

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने देश और प्रदेश से जुड़ी अलग–अलग ख़बरों को अपनी हेडलाइन बनाई है।

प्रभात खबर की लीड खबर है – राजधानी रांची में बवाल; रैम्प हटाने की मांग पर जुटे सरना धर्मावलम्बी, बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस कर्मियों से भी भिड़े।

हिंदुस्तान की हेडलाइन है – झारखण्ड में 36 पुल–फ्लाईओवर से रोड नेटवर्क बढ़ेगा, रांची समेत राज्य में 1 हजार दो सौ किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – बिना आधार लिंक 16 लाख महिलाओं के खाते में जाने लगे मइयां सम्मान योजना के सात हजार पांच  सौ रुपये, अप्रैल महीने से बिना आधार लिंक वाले खातों में नहीं जाएंगे पैसे।

दैनिक जागरण, द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरएसएस मुख्यालय पहुँचने की खबर को अपनी हेडलाइन बनाई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत की अमर संस्कृति का अक्षय वट है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ।

*******************